बिहार सरकार
स्वास्थ्य विभाग

अधिसूचना

**संoसंo–9/आo–03–25/2026(स्वाo) ............../पटना, दिनांक ..............................................**

डाo पंकज कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बन्दरा, मुजफ्फरपुर के विरूद्ध जिला पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर के पत्रांक–2000 दिनाक–06.06.2026 द्वारा दिनाक–04.06.2026 को घटित अग्निकाण्ड के समय प्रसाद क्लिनिक, मुजफ्फरपुर के ICU मे कार्य करने एवं आगलगी के दरम्यान मरीज को छोडकर फरार होने का आरोप प्रतिवेदित किया गया है। वे प्रायः प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बन्दरा,मुजफ्फरपुर से अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहते हैं। सरकारी सेवा में रहने के बावजूद उनके द्वारा निजी अस्पताल में सेवाएँ दी जाती है। सिविल सर्जन, मुजफ्फरपुर के पत्राक–2572 दिनांक–06.06.2026 द्वारा डाo कुमार के विरूद्ध इसी कदाचार को प्रतिवेदित किया गया। इससे उनका पदीय दायित्व के प्रति निष्ठा संदिग्ध होती है।

**2.** डाo कुमार को सरकारी सस्थान से अनुपस्थित रहकर प्रसाद क्लिनिक में कार्य करने एवं अपातकालीन स्थिति में मरीजों को छोडकर फरार होने के आरोप में बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एव अपील) नियमावली, 2005 के नियम–9(1)(क) के अधीन निलंबित किया जाता है।

**3.** डाo कुमार का निलबन अवधि हेतु मुख्यालय स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना निर्धारित किया जाता है।

**4.** डाo कुमार को निलंबन अवधि मे बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–10 के तहत जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

**5.** संदर्भित आरोपो की जॉच हेतु इनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही के संचालन हेतु संकल्प अलग से निर्गत किया जाएगा।

**6.** इसमें सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

**बिहार राज्यपाल के आदेश से**
**हo/–**

**(उपेन्द्र राम)**
**सरकार के अवर सचिव।**

Email

**ज्ञापांकः–9/आo–03–25/2026(स्वाo)**.587(9)........**/पटना, दिनांक**.09.06.26..............................

**प्रतिलिपिः**–महालेखाकार (लेo एवं हo) बिहार पटना/प्रभारी वित्त (वैo दाo निo कोo) विभाग, बिहार, पटना/जिला पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर/संबंधित कोषागार पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**–क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाये, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर /सिविल सर्जन, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एव आवश्यक प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**–माननीय मत्री (स्वाo) के आप्त सचिव/सचिव, स्वाo विभाग के प्रधान आप्त सचिव/निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाऐं, बिहार, पटना के निजी सहायक को सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**–डॉo पंकज कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बन्दरा, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि**–प्रशाखा पदाधिकारी 2, 3, 7, 8, 10, 17 एवं 18A को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**–आईoटीo मैनेजर, स्वाo विभाग को विभागीय वेबसाइट में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

उपेन्द्र
09/06/2026
**सरकार के अवर सचिव।**